दिनांकः 23/02/2023

## प्रकाशनार्थ

**दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के बीकॉम**

**की छात्रा को छ लाख साठ हजार के वार्षिक पैकेज ग्रेजुएट ट्रेनी के पद पर'**

**ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से कैंपस ड्राइव का हुआ आयोजन**

दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर युनिवर्सिटी की ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा दिनांक बीस फरवरी को आरम्भ में आनलाइन मोड में छात्र छात्राओं के

इंटरव्यू हुए थे, ग्रेजुएट ट्रेनी के पद हेतु जारो एजूकेशन प्राईवेट, गुड़गांव में। कई चरणों में चलने वाली कंपनी की चयन प्रक्रिया में लगभग एक हफ्ते का समय लगा।

जारो एजुकेशन कंपनी के लिए अंतिम चरण के बाद विश्वविधालय की मेधावी छात्रा सुश्री शांभवी श्रीवास्तव का चयन किया है, इनका चयन छ लाख साठ हजार रुपए के वार्षिक पैकेज पर हो गया है ।

जारो की सुश्री लवी शुक्ला (वरिष्ट प्रबंधक मानव संसाधन) द्वारा ये सुचना दी गई है। प्री ग्रेड में चार छात्राओं के चयन के उपरान्त ही जारो एजूकेशन में विश्वविद्यालय की नवोदित प्रतिभाओं ने कॉरपोरेट जगत में अपने ब्रांड दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की पहचान बनानी आरम्भ कर दी है।

विश्वविद्यालय की प्लेसमेंट सेल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो राजेश सिंह के दिशा निर्देशन में छात्र छात्राओं को प्लेसमेंट दिलाने के लिए सतत प्रयत्नशील है। । ग्रेड मिलने के बाद लगातार कई सारी ब्लू चिप कंपनियां दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में कैम्पस प्लेसमेंट में पार्टिसिपेट कर रही हैं, विश्वविद्यालय के मेधावी छात्र छात्राओं के चयन हेतु। उपरोक्त प्लेसमेंट ड्राइव के सन्दर्भ में बताना है कि विश्वविद्यालय का प्रतिभा सम्पन्न छात्र छात्राओं ने कापोरेट जगत में अपनी धमाकेदार शुरुआत की है।

उक्त प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के आठ दर्जन स्टूडेंट्स से ज्यादा छात्र छात्राओं

ने भाग लिया था। जो एमबीए, बीबीए, बीकॉम और एमकॉम कोर्स कर रहे हैं दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में।

गूगल मीट द्वारा कई चरणों में समूह चर्चा और प्रारंभिक इंटरव्यू के बाद फाइनल इंटरव्यू के लिए इन पांच छात्र छात्राओं ने क्वालीफाई किया है, आयुष विश्वकर्मा, सोहम सेठ, सर्वेश्वर शुक्ला, सुश्री हिमालिका सरीन, संभावी श्रीवास्तव, इत्यादि ने। जिसमे से सबसे पहले जारो एजूकेशन प्राइवेट लिमिटेड ने शांभवी श्रीवास्तव को फाइनल इंटरव्यू के लिए गुरुग्राम आफिस में बुलाया था।

कंपनी के मार्केटिंग हेड द्वारा रीजनल ऑफिस में मार्केटिंग स्किल का टेस्ट लिया गया था। जिसमें काफी शानदार प्रदर्शन किया था, चयनित छात्रा सुश्री शांभवी श्रीवास्तव बीकॉम थर्ड ईयर की परीक्षा के उपरान्त अपना कॉरपोरेट कैरियर आरंभ करने वाली हैं।

सुश्री शांभवी श्रीवास्तव के चयन पर डिपार्टमेंट ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन के विभागाध्यक्ष डॉ सत्यपाल सिंह और समन्यवक डा स्वर्णिमा सिंह ने उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभ कामना दी।

Mahendra Kumar Singh
Media and Public Relations Officer
Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur
University, Gorakhpur